
# गंगा जल आपूर्ति योजना सबसे अलग : संजय

**राज्य ब्यूरो, पटना :** जल संसाधन विभाग द्वारा मंगलवार को जल-जीवन-हरियाली दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर 'पेयजल संकट वाले क्षेत्रों के लिए गंगाजल आपूर्ति योजना' विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।

जल संसाधन मंत्री संजय झा ने कहा कि आजादी के बाद से बिहार में विकास की बहुत सारी परियोजनाओं पर काम हुआ, लेकिन गंगा जल आपूर्ति योजना उन सबसे अलग और अनूठी है। यह लाखों लोगों को पीने के पानी के संकट से बचाने की योजना है। गंगा जल दक्षिण बिहार में भी पहुंचेगा, यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पहले किसी ने सोचा तक नहीं था। राजनीति में ऐसे नेता विरले ही होते हैं, जो वर्तमान के साथ-साथ भविष्य की भी चिंता करते हैं। मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता के कारण गंगा जल दक्षिण बिहार में राजगीर तक पहुंच चुका है

- **नीतीश कुमार ने बिहार के वर्तमान के साथ- साथ भविष्य का भी ध्यान रखा**
- **बिहार में पेयजल संकट वाले क्षेत्रों के लिए गंगाजल आपूर्ति योजना विषय पर परिचर्चा का आयोजन**



जल संसाधन मंत्री संजय झा

और जुलाई में यह गया तक पहुंच जाएगा। कोरोना संकट के बावजूद जल संसाधन विभाग ने इतनी बड़ी योजना को निर्धारित समय पर पूरा किया है।

जल संसाधन मंत्री संजय झा ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के साथ दुनिया के कई देश सूखा और भीषण जल संकट का सामना कर रहे हैं। हमलोगों ने कभी सोचा नहीं था कि अपने बिहार में दरभंगा और मधुबनी जैसे जिलों से भी जल संकट की खबर आएगी, जिसके समाधान के लिए मुख्यमंत्री ने महत्वाकांक्षी जल-जीवन-हरियाली अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर जल संसाधन विभाग के सचिव संजय अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महत्वाकांक्षी जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है गंगा जल आपूर्ति योजना। कार्यक्रम में जल-जीवन-हरियाली मिशन, कृषि विभाग, नगर विकास विभाग, भवन निर्माण विभाग, लघु जल संसाधन विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, राजस्व विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग और वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के कई अधिकारी मौजूद थे।